# सिलवासा इंडस्ट्रीज ऑफ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रशासक प्रफुल पटेल से मुलाकात कर 2 वर्ष के सफल कार्यकाल एवं ऐतिहासिक कार्यों के लिए दी शुभकामनाएं

सिलवासा 08 जनवरी। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली के सिलवासा इंडस्ट्रीज ऑफ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आज प्रशासक प्रफुल पटेल से मुलाकात कर दादरा नगर हवेली में पिछले 2 वर्षों में उनके मार्गदर्शन में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए धन्यवाद देने के साथ-साथ प्रशासक के तौर पर 2 वर्ष पूरा होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दादरा नगर हवेली के तीनों औद्योगिक संघो सिलवासा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सिलवासा स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी, सिलवासा फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के बैनर तले प्रशासक से मुलाकात कर प्रशासक को प्रदेश में पिछले 2 वर्षो में हुए तेजी से विकास कार्यों के लिए धन्यवाद देने के बाद इजी टू बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उद्योग समूहों की तरफ से प्रशासन को बताया गया कि पिछले 2 वर्षों में औद्योगिक समूहों को शट डाउन की समस्या से भी छुटकारा मिला है। इसके अलावा पीसीसी क्लीयरेंस रिफंड जैसी समस्याओं से भी उन्हें छुटकारा मिल गया है और जिला उद्योग केंद्र से होने वाली क्लीयरेंस भी उन्हें समय से पहले मिल रही है, जिससे अब औद्योगिक समूह को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासक प्रफुल पटेल को बताया कि विकास लक्षित योजनाओं, मेडिकल कॉलेज और रिंग रोड का कार्य, रिवर फ्रंट का कार्य और नए पुलों के निर्माण का कार्य, मार्गो के चौड़ीकरण का कार्य पूरा करने से प्रदेश के विकास में एक नयापन आया है जिससे उद्योगों के लिए भी सरलता हुई है। प्रशासक प्रफुल पटेल से मिलने गए इस समूह में फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अजीत यादव, चंद्रकांत पारेख, नरेंद्र त्रिवेदी, अतुल शाह, राजन अग्रवाल, अजीत देशपांडे सहित अन्य लोग शामिल थे।